**सं: 1:05:138:I:सीएस**

**दिनांक: 28 मार्च, 2018**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051

विषय: **पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफ़सीसीएल) के पूर्ण स्वामित्वधीन दो सहायक कंपनियों के अंतरण संबंधी मांगे गए स्पष्टीकरण का उत्तर**

महोदय/महोदया,

यह पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफ़सीसीएल) के पूर्ण स्वामित्वधीन दो सहायक कंपनियों फतेहगढ़-भदला ट्रांसमिशन लिमिटेड और गोवा-तमनार ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट लिमिटेड के अंतरण के संबंध में स्पष्टीकरण मांगने संबंधी 19 मार्च, 2018 के आपके ई-मेल के संदर्भ में है।

इस संबंध में, हम निम्नलिखित सूचना देते हैं:

विद्युत मंत्रालय ने 28 अक्तूबर, 2016 की गज़ट अधिसूचना द्वारा पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("पीएफसी") के पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड ("पीएफसीसीएल") की नियुक्ति बोली प्रक्रिया समन्वयक ("बीपीसी") के रूप में की गई जो निम्नलिखित पारेषण स्कीमों के लिए पारेषण प्रणाली की स्थापना के लिए पारेषण सेवा प्रदाता (टीएसपी) के रूप में बिडर का चयन करने के प्रयोजन से था:

1. टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बिडिंग प्रक्रिया के माध्यम से फतेहगढ़, जिला जैसलमर राजस्थान में अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क के लिए पारेषण प्रणाली

2. गोवा के लिए "अतिरिक्त 400 केवी फीड" से सम्बद्ध पारेषण प्रणाली और रायगढ़ (तमनार) पूल में पूल की गई जनरेशन परियोजनाओं से पावर इवेक्यूएशन के लिए अतिरिक्त प्रणाली

पीएफ़सीसीएल द्वारा उपर्युक्त पारेषण स्कीमों के लिए क्रमशः "फतेहगढ़-भदला ट्रांसमिशन लिमिटेड (एफ़बीटीएल) और गोवा-तमनार ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट लिमिटेड (जीटीटीपीएल)" नामतः एसपीवी की स्थापना की गई थी।

**एलओआई जारी करना और एसपीए का निष्पादन**

एफ़बीटीएल से संबद्ध पारेषण स्कीम के लिए मैसर्स अदानी ट्रांसमिशन लिमिटेड को प्रति वर्ष 380.15 मिलियन रुपए के निम्नतम अंतिम ऑफर (स्तरीकृत पारेषण चार्ज) के साथ सफल बिडर घोषित किया गया था और अदानी ट्रांसमिशन लिमिटेड को दिनांक 21.02.2018 को आशय-पत्र (एलओआई) जारी किया गया था। इसके अतिरिक्त, शेयर खरीद करार के निष्पादन और बिडर द्वारा उसके अनुपालन के अनुसार, एफ़बीटीएल में

पीएफ़सी कंसल्टिंग लिमिटेड का प्रबंधन नियंत्रण और शेयरधारिता का अंतरण दिनांक 14.03.2018 को मैसर्स अदानी ट्रांसमिशन लिमिटेड को किया गया था।

जीटीटीपीएल से संबद्ध पारेषण स्कीम के लिए मैसर्स स्टर्लाइट ग्रिड 5 लिमिटेड को प्रति वर्ष 1647.75 मिलियन रुपए के निम्नतम अंतिम ऑफर (स्तरीकृत पारेषण चार्ज) के साथ सफल बिडर घोषित किया गया था और मैसर्स स्टर्लाइट ग्रिड 5 लिमिटेड को दिनांक 30.11.2017 को आशय-पत्र (एलओआई) जारी किया गया था। इसके अतिरिक्त, शेयर खरीद करार के निष्पादन और बिडर द्वारा उसके अनुपालन के अनुसार, जीटीटीपीएल में पीएफ़सी कंसल्टिंग लिमिटेड का प्रबंधन नियंत्रण और शेयरधारिता का अंतरण दिनांक 14.03.2018 को मैसर्स स्टर्लाइट ग्रिड 5 लिमिटेड को किया गया था।

मांगे गए स्पष्टीकरण हेतु बिन्दु-वार उत्तर निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं. | प्रश्न | पीएफसी का उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | क्या लेन-देन संबद्ध पार्टी लेन-देनों के भीतर ही होगा? यदि हाँ, तो क्या इसे “निष्पक्ष” रूप से किया गया है? | एफ़बीटीएल और जीटीटीपीएल से संबद्ध पारेषण स्कीमों के लिए सफल बिडर क्रमशः अदानी ट्रांसमिशन लिमिटेड और स्टर्लाइट ग्रिड 5 लिमिटेड का चयन टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बिडिंग प्रक्रिया के आधार पर किया गया था और इनमें से कोई भी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड/पीएफ़सी कंसल्टिंग लिमिटेड के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(76), 2(77) और सेबी(एलओडीआर), 2015 के विनियम 2(ज़ेडबी), 2(ज़ेडडी) के दायरे में नहीं आते।<br><br>अतः शेयर खरीद करार के निष्पादन के अनुसार पीएफ़सी कंसल्टिंग लिमिटेड द्वारा एफ़बीटीएल में अदानी ट्रांसमिशन लिमिटेड हेतु और जीटीटीपीएल में स्टर्लाइट ग्रिड 5 लिमिटेड हेतु शेयरों की बिक्री का लेन-देन पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड या पीएफ़सी कंसल्टिंग लिमिटेड के साथ संबद्ध पार्टी लेन-देनों में नहीं आता। |
| 2. | खरीदारों का संक्षिप्त विवरण और क्या कोई भी खरीदार प्रोमोटर/प्रोमोटर ग्रुप/ग्रुप कंपनियों से संबंधित हैं? यदि हाँ, तो उसका विवरण दें। | कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत दिसंबर 9, 2013 को अदानी ट्रांसमिशन लिमिटेड (एटीएल) की स्थापना हुई थी। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय अहमदाबाद में स्थित है। एटीएल बिजली पावर पारेषण प्रणाली की स्थापना, कमीशनिंग, प्रचालन एवं अनुरक्षण का कारभार देखती है। मुंबई शहर के लिए विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण एवं रीटेल के एकीकृत व्यापार के उपार्जन के साथ एटीएल ने विद्युत वितरण क्षेत्र में भी शुरुआत की है।<br><br>स्टर्लाइट ग्रिड 5 लिमिटेड (एसजी5एल) एक पब्लिक कंपनी है जिसकी स्थापना कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत सितंबर 24, 2016 को हुई जिसका पंजीकृत कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है। एसजी5एल की स्थापना वियुत कारोबार की स्थापना, पारेषण, वितरण, आपूर्ति, स्टोरेज और व्यवसाय के लिए की गई थी। एसजी5एल स्टर्लाइट पावर |

| | | |
|---|---|---|
| | | ग्रुप का हिस्सा है और स्टर्लाइट पावर ग्रिड वेंचर लिमिटेड की सहायक कंपनी है।<br><br>पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन एक केंद्रीय सरकार द्वारा प्रमोटेड कंपनी है। भारत के राष्ट्रपति के माध्यम से केन्द्रीय सरकार की कंपनी में 65.92% इक्विटी शेयरों की धारिता है।<br><br>न अदानी ट्रांसमिशन लिमिटेड और न ही स्टर्लाइट ग्रिड 5 लिमिटेड (चयनित बिडर/खरीदारों) प्रोमोटर/प्रोमोटर ग्रुप/ग्रुप कंपनियों से संबंधित है। |
| 3. | इस बिक्री/निपटान से प्राप्त प्रतिफल। | एफ़बीटीएल के अधिग्रहण के लिए अदानी ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा भुगतान किया गया अधिग्रहण मूल्य 8,56,85,000 रुपए (आठ करोड़ छप्पन लाख पचासी हज़ार रुपए मात्र) है जो सेल शेयरों की खरीद के लिए है और यह क्लोजिंग तारीख को कंपनी के अंकेक्षित लेखे के अनुसार समायोजन के अधीन क्लोजिंग तारीख को कंपनी की परिसंपत्तियों एवं दायित्वों के साथ सममूल्य पर है।<br><br>जीटीटीपीएल के अधिग्रहण के लिए स्टर्लाइट ग्रिड 5 लिमिटेड द्वारा भुगतान किया गया अधिग्रहण मूल्य 20,29,16,000 रुपए (बीस करोड़ उन्नतीस लाख सोलह हज़ार रुपए मात्र) है जो सेल शेयरों की खरीद के लिए है और यह क्लोजिंग तारीख को कंपनी के अंकेक्षित लेखे के अनुसार समायोजन के अधीन क्लोजिंग तारीख को कंपनी की परिसंपत्तियों एवं दायित्वों के साथ सममूल्य पर है। |
| 4. | इस बिक्री/निपटान के पूर्ण होने की अनुमानित तारीख। | दिनांक 14.03.2018 अर्थात शेयर खरीद करार पर हस्ताक्षर की तारीख और सफल बिडरों को एफ़बीटीएल और जीटीटीपीएल में पीएफ़सी कंसल्टिंग लिमिटेड द्वारा पूरी शेयरधारिता के अंतरण पर लेन-देन पहले ही पूरा हो गया है। |
| 5. | पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान सूचीबद्ध एंटिटी की इस यूनिट या प्रभाग द्वारा दिए गए टर्नओवर या राजस्व या आय और नेटवर्थ की राशि या प्रतिशत। | पीएफ़सी/पीएफ़सीसीएल की सहायक कंपनी के रूप में, फतेहगढ़-भदला ट्रांसमिशन लिमिटेड और गोवा-तमनार ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट लिमिटेड ने अपना कारोबार प्रचालन शुरू नहीं किया था। |

धन्यवाद,

भवदीय,

कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

**(मनोहर बलवानी)**

कंपनी सचिव

**mb@pfcindia.com**